प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

नड्डा–डेंगू मलेरिया

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य सरकारों द्वारा देश में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम को लेकर उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बैठक में जे.पी. नड्डा ने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम व नियंत्रण करने में आने वाली मुख्य चुनौतियों का जायजा लिया। उन्होंने राज्यों, स्थानीय निकायों और समुदायों विशेषकर इस उच्च जोखिम वाली अवधि में लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिए रोकथाम व नियंत्रक उपायों में तेजी लाने का आग्रह किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों को आने वाले महीनों में सजग रहने को कहा। जे.पी. नड्डा ने केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले चिकित्सा केन्द्रों सहित सभी अस्पतालों को पर्याप्त औषधि, डायग्नॉस्टिक, बिस्तरों और मच्छरों से मुक्त परिसर सुनिश्चित करने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने सुक्खू आज नई दिल्ली में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया से भेंट की और प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रदेश में मॉनसून के दौरान जान–माल को हुए नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में हुई आपदा के बाद प्रभावितों को राहत पहुंचाने को लेकर गंभीर नहीं है और मॉनसून से पहले भी सरकार ने तैयारियों की कोई समीक्षा नहीं की। चंबा में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आपदा से प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है लेकिन राहत व बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय राज्य सरकार इसके लिए पूर्व भाजपा सरकार को दोषी ठहरा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आपदा की इस घड़ी में प्रभावितों की मदद कर रहे हैं और देश के अन्य राज्यों से भी पार्टी ने राहत सामग्री भेजी है। पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे।

भाजपा– सेवा पखवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी इस महीने की 17 तारीख से देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर, तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न विषयों पर आधारित अनेक कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सेवा और स्वच्छता जैसे मूलभूत मूल्यों को भारत की राजनीति में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता के कारण ही भारत अब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर हल्की वर्षा का क्रम जारी रहा। मौसम विभाग ने 12 से 15 सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

इस बीच प्रदेश में भू–स्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 5 सौ 82 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 5 सौ 71 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 78 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में इस मॉनसून सीजन में 3 सौ 80 लोगों की मौत हुई है जबकि 40 लोग लापता है।

लोकसेवा आयोग

राज्य लोक सेवा आयोग ने 13 सितंबर को सहायक ज़िला न्यायवादी के पदों के लिए प्रस्तावित छंटनी परीक्षा को खराब मौसम को देखते हुए स्थगित कर दिया है। आयोग के सचिव ने बताया कि अब ये परीक्षा 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

<u>बी.आर.ओ.</u>

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अरूणाचल प्रदेश में एक सड़क दुर्घटना में सीमा सड़क संगठन के जवान पवन कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पवन कुमार बिलासपुर ज़िले की श्री नयनादेवी तहसील के दगड़ाहण गांव के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से पवन कुमार के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

––––––––––––––––